# मुलतानीमल मोदी महाविद्यालय,मोदीनगर
## रोवर्स–2016–2017 एक दिवसीय शिविरों की आख्या

दिनांक 14.09.16, दोपहर 3 बजे प्राचार्य महोद्य द्वारा प्राचार्य कक्ष में रोवर्स/रेंजर्स के लीडर्स के लिये एक बैठक आहुत की गई। जिसमें रोवर्स लीडर के रूप में डॉ0 मयंक मोहन तथा रेंजर्स लीडर के रूप में डॉ0 सीमाराज जी उपस्थित थी। इस बैठक में गत वर्ष के कार्यों की समीक्षा की गई तथा सत्र 2016–17 के लिये सम्पन्न होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई तथा कई महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा हुई। प्राचार्य महोद्य द्वारा चालू सत्र के लिये निम्न कार्यों को प्रमुखता प्रदान करने का अनुमोदन किया गया–

1. रोवर्स–रेंजर्स के कार्यों के लिये जिस सामान की आवश्यकता हो उन्हें इसी सत्र में क्रय किया जाये।
2. सप्ताह में कम से कम तीन दिन रोवर्स–रेंजर्स के कैम्प लगाये जायें।
3. अधिक से अधिक विद्यार्थियों को रोवर्स–रेंजर्स से जोडा जाये।
4. रोवर्स–रेंजर्स को सामाजिक कार्यो के प्रति उन्मुख किया जाये।
5. रोवर्स–रेंजर्स के प्रशिक्षण का उचित प्रबन्ध किया जाये।
6. विशेष दिवसों पर प्रशासन की अनुमति लेकर तथा उनके निर्देशानुसार अपने महाविद्यालय के रोवर्स–रेंजर्स को उनके सहयोग के लिये भेजा जाये।
7. रोवर्स–रेंजर्स के कैम्प द्वारा किये गये कार्यों की त्रैमासिक रिपोर्ट डॉ0 विवेकशील, आई0 क्यू0 ए0 सी0 तथा कार्यालय में जमा की जाये।

# मुलतानीमल मोदी महाविद्यालय,मोदीनगर
## रोवर्स–2016–2017
## शिविरों की आख्या

सत्र 2016–17 में महाविद्यालय में हम दोनों लीडर्स ने दो, एक दिवसीय कैम्प (दिनांक 07, 08 नवम्बर में) लगाकर रोवर्स/रेंजर्स ईकाईयों में सम्मिलित होने के इच्छुक विद्यार्थियों से सम्पर्क बनाना प्रारम्भ कर दिया तथा शीघ्र ही अपने–अपने रोवर्स/रेंजर्स क्रु बना लिये।

दिनांक 19, 22 एवं 21 दिसम्बर को तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर लगाया गया जिसमें श्री नेहरा जी ने उपस्थित होकर रोवर्स/रेजर्स को प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होंने स्काउट गाईड के विषय में सामान्य जानकारी देते हुए इसके महत्व पर प्रकाश डाला तथा इसी के साथ इसकी स्थापना के उद्देश्यों को स्पष्ट किया। इस अवसर पर प्राचार्य महोद्य डॉ0 आर0सी0लाल, डॉ0 के.के.शर्मा, डॉ0 विवेकशील जी उपस्थित थे। शिविर में 72 रोवर्स एवं 28 रेंजर्स उपस्थित थे।

शिविर के दूसरे दिन दिनांक 20.12.2016 को महाविद्यालय में होने वाले तीन दिवसीय रोवर्स/रेंजर्स शिविर के सभी रोवर्स/रेंजर्स ने रोवर्स प्रभारी डॉ0 मयंक मोहन तथा रेंजर्स प्रभारी डॉ0 सीमाराज जी के समक्ष स्काअट की प्रतिज्ञाओं, नियमों को दोहराते हुए ध्वज गान किया तथा यह वचन लिया कि महाविद्यालय के ग्रीष्मकालीन अवकाश में भी वे निरन्तर आस–पास के ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर वहां जरूरतमंद लोगों की अपने शारीरिक सामर्थ्य के अनुसार मदद करेंगे तथा अन्य लोगों को भी इस सेवा कार्य को करने के लिये प्रेरित करेगें। इस दिन रोवर्स/रेंजर्स ने श्री नेहरा जी तरह–तरह की गांठे लगाने का कार्य सीखा तथा आपात कालीन स्थिति में घायलों की मदद कैसे की जाये इसकी जानकारी भी प्राप्त की।

प्रशिक्षण शिविर के तीसरे एवं अन्तिम दिन दिनांक 21.12.2016 को रोवर्स/रेंजर्स द्वारा उन सब क्रियाओं का प्रदर्शन करना था जो कि उन्होंने सीखी थी इसके लिये रोवर्स/रेंजर्स में एक अलग

PRINCIPAL
MULTANIMAL MODI COLLEGE
MODINAGAR

रोवर्स अधिकारी– डॉ0 मयंक मोहन — दयानन्द टोली

रेंजर्स अधिकारी– डॉ0 सीमाराज — लक्ष्मीबाई टोली

# मुलतानीमल मोदी महाविद्यालय,मोदीनगर

## रोवर्स / रेंजर्स–2017–2018 तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर की आख्या

13.11.2017 — 15.11.2017

सत्र 2017–18 में महाविद्यालय में दिनांक 13, 14 एवं 15 नवम्बर, 2017 को रोवर्स / रेंजर्स के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के प्रथम दिन प्रातः 9.30 बजे रोवर्स / रेंजर्स के जिला संगठन आयुक्त, गाजियाबाद, श्री श्याम सिंह जी ने महाविद्यालय में उपस्थित होकर स्वयं सेवकों को प्रोत्साहित किया उसके पश्चात् रोवर्स / रेंजर्स ट्रेनर श्री नेहरा जी ने रोवर्स / रेंजर्स को इस कार्यक्रम के विषय में मूल जानकारियां प्रदान करते हुए इसके उद्देश्यों से अवगत कराया। इस अवसर पर महाविद्यालय के रोवर्स लीडर डॉ0 मयंक मोहन एवं रेंजर्स लीडर डॉ0 सीमाराज जी ने उपस्थित रहकर रोवर्स / रेंजर्स को प्रोत्साहित किया। इस शिविर के मध्य प्राचार्य महोदय ने भी निरीक्षण किया।

प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन दिनांक 14.11.17 को रोवर्स / रेंजर्स ट्रेनर श्री नेहरा जी ने रोवर्स / रेंजर्स को कई तरह की गांठे बांधनी सिखायी जिनका उपयोग रोवर्स / रेंजर्स द्वारा आपदा प्रबन्धन के समय किया जाता है इसके साथ ही प्राथमिक चिकित्सा के संबध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। दोपहर के पश्चात् महाविद्यालय प्रांगण में रोवर्स / रेंजर्स को इस प्रकार का प्रशिक्षण प्रदान किया गया कि किस प्रकार सीमित साधनों के अधिकतम प्रयोग से अधिक से अधिक सेवा कार्य किया जा सकता है।

प्रशिक्षण शिविर के तीसरे एवं अन्तिम दिन दिनांक 15.11.17 को रोवर्स / रेंजर्स द्वारा उन सब क्रियाओं का प्रदर्शन करना था जो कि उन्होंने सीखी थी इसके लिये रोवर्स / रेंजर्स में एक अलग ही उत्साह दिखाई दे रहा था। अलग–अलग टोलियों के रूप में 10–10 सदस्यों की रोवर्स की 6 टोलियां बनी तथा रेंजर्स की 5 टोलियां बनी। इस सभी टोलियों ने महाविद्यालय प्रांगण में तरह–तरह के तम्बू लगाकर तथा अत्यन्त सीमित साधनों के साथ किस प्रकार दूसरों की मदद की जा सकती है का संदेश देते हुए एक अद्भुत वातावरण का निमार्ण किया। इसके साथ ही रोवर्स / रेंजर्स द्वारा कैम्प फॉयर का आयोजन करके विभिन्नि कार्यक्रमों की प्रस्तुती की। इस अवसर पर डॉ0 सुनीता सिरोही जी, रिचा यादव, डॉ0 विवेकशील, कार्यालय से श्री सतपाल जी इत्यादि उपस्थित थे। प्रशिक्षण शिविर के अन्त में रोवर्स / रेंजर्स को समाज सेवा की शपथ दिलायी गयी तथा महाविद्यालय के रोवर्स / रेंजर्स अधिकारी डॉ0 मयंक मोहन तथा डॉ0 सीमा राज ने रोवर्स / रेंजर्स ट्रेनर श्री नेहरा जी सहित सभी का आभार व्यक्त किया।

PRINCIPAL
MULTANIMAL MODI COLLEGE
MODINAGAR

रोवर्स अधिकारी– डॉ0 मयंक मोहन

रेंजर्स अधिकारी– डॉ0 सीमाराज

## मुलतानीमल मोदी महाविद्यालय,मोदीनगर

### रोवस/रेंजर्स–2018–2019 एक दिवसीय शिविरों की आख्या

सत्र 2018–19 में डॉ0 मयंक मोहन ने रोवर्स लीडर के रूप में तथा डॉ0 सीमाराज ने रेजर्स लीडर के रूप में तीन, एक दिवसीय कैम्प (दिनांक 20, 27, 28 अक्टूबर में) लगाकर रोवर्स/रेंजर्स ईकाईयों में सम्मिलित होने के इच्छुक विद्यार्थियों से सम्पर्क बनाना प्रारम्भ कर दिया तथा शीघ्र ही अपने–अपने रोवर्स/रेंजर्स क्रु बना लिये।

दिनांक 27.11.18 को महाविद्यालय में रोवर्स/रेंजर्स का कैम्प लगाया गया जिसमें यातायात संबधी नियमों की जानकारी प्रशासनिक यातायात अधिकारियों द्वारा प्रदान की गई।

इण्टर कॉलेज में तीन दिवसीय शिविर का आयोजन हुआ था जिसमें हमारे महाविद्यालय के रोवर्स/रेंजर्स क्रु ने जाकर औपचारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया तथा महाविद्यालय में लौटकर एक कार्यशाला का आयोजन कर महाविद्यालय के अन्य विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभवों को साझा किया।

दिनांक 19.12.18 को महाविद्यालय में एक दिवसीय रोवर्स/रेंजर्स शिविर का आयोजन हुआ, जिसमें सभी रोवर्स/रेंजर्स ने रोवर्स प्रभारी डॉ0 मयंक मोहन तथा रेंजर्स प्रभारी डॉ0 सीमाराज जी के समक्ष स्काअट की प्रतिज्ञाओं, नियमों को दोहराते हुए ध्वज गान किया तथा यह वचन लिया कि महाविद्यालय के शीतकालीन अवकाश में भी वे निरन्तर आस–पास के ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर वहां जरूरतमंद लोगों की अपने शारीरिक सामर्थ्य के अनुसार मदद करेंगे तथा अन्य लोगों को भी इस सेवा कार्य को करने के लिये प्रेरित करेगें।

दिनांक 05.01.2019 में डॉ0 मयंक मोहन ने रोवर्स/रेंजर्स के जिला संगठन आयुक्त, गाजियाबाद, श्री श्याम सिंह जी को श्री सतपाल जी के द्वारा रोवर्स/रेंजर्स के प्रशिक्षण के लिये निवेदन किया। दिनांक 07.01.2019 को जिला रोवर्स/रेंजर्स अधिकारी श्री श्याम सिंह जी ने हमारे महाविद्यालय में दिनांक 19, 20 एवं 21 जनवरी, 2019 को महाविद्यालय के रोवर्स/रेंजर्स को प्रशिक्षण देने के लिये शिविर आयोजन का समय दिया। लेकिन किसी कारणवश वह शिविर नहीं लग पाये तथा तीन दिवसीय विशेष शिविर 4, 5 एवं 6 फरवरी, 2019 को लगना सुनिश्चित हुआ।

### रोवर्स–2018–2019 तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर की आख्या

04.02.19 – 06.02.19

सत्र 2018–19 में महाविद्यालय में दिनांक 04, 05 एवं 06 फरवरी, 2019 को रोवर्स/रेंजर्स के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के प्रथम दिन प्रातः 9.30 बजे रोवर्स/रेंजर्स के जिला संगठन आयुक्त, गाजियाबाद, श्री श्याम सिंह जी ने महाविद्यालय में उपस्थित होकर स्वयं सेवकों को प्रोत्साहित किया उसके

PRINCIPAL
MULTANIMAL MODI COLLEGE
MODINAGAR



सत्र 2018–19 में रोवर/रेंजर्स द्वारा प्राप्त किये गये प्रशिक्षण कार्यों की कुछ झलकियां

PRINCIPAL
MULTANIMAL MODI COLLEGE
MODINAGAR

डॉ0 मयंक मोहन

रोवर्स / रेंजर्स समागम समन्वयक

# मुलतानीमल मोदी कॉलेज, मोदीनगर
# रोवर / रेंजर्स समागम रैली
# 10, 11 एवं 12 फरवरी, 2020

दिनांक 30.01.2020 को शासन से महाविद्यालय को पत्र के माध्यम से ज्ञात हुआ कि शासकीय / अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों में सत्र 2019–20 में रोवर / रेंजर्स की 28वीं अर्न्तमहाविद्यालय समागम रैली को आयोजित करने हेतु मुलतानीमल मोदी कॉलेज, मोदीनगर को नामित किया गया है। यह सूचना प्राप्त होते ही महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 आर0 सी0 लाल ने उप–प्राचार्य डॉ0 अजय शर्मा, रोवर / रेंजर्स प्रभारी डॉ0 मयंक मोहन, रोवर लीडर डॉ0 रोहताश एवं रेंजर्स लीडर डॉ0 दीपशिखा के साथ बैठक की तथा उपरोक्त सूचना से अवगत कराया। इस सूचना से उपस्थित सभी लोगों ने सहर्ष इस समागम को कराने के लिये अपनी सहमति प्रदान की।

दिनांक 01.02.2020 को प्राचार्य महोद्य द्वारा महाविद्यालय में कार्यरत् सभी प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों की बैठक ली तथा इस बात पर विचार–विमर्श किया गया कि इस समागम रैली को सम्पन्न कराने के लिये हमारे महाविद्यालय में क्या–क्या सुविधाएं उपलब्ध हैं तथा इसके अतिरिक्त अन्य ऐसे कौन से साधन हैं जिनका प्रबन्ध करना है। विचार–विमर्श के पश्चात् यह तय हुआ कि शीघ्रताशीघ्र इस समागम रैली को सम्पन्न कराया जाये क्योंकि हमारा महाविद्यालय इस समागम रैली को कराने में पूर्ण रूप से सक्षम है।

रोवर लीडर डॉ0 रोहताश एवं रेंजर्स लीडर डॉ0 दीपशिखा ने अपनी रोवर / रेंजर्स टीमों को समागम रैली में प्रतिभाग करने के लिये तैयार करने में लग गये तथा प्राचार्य की अध्यक्षता में मुख्य समिति ने इस समागम रैली को सुचारू रूप से संचालन करने के लिये कुल 17 समितियां बनायी जिसमें महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों को रखा गया। महाविद्यालय के रोवर / रेंजर्स प्रभारी डॉ0 मयंक मोहन को समागम समन्वयक बनाया गया।

PRINCIPAL
MULTANIMAL MODI COLLEGE
MODINAGAR

अपनी निर्णायक मण्डल की टीम के साथ प्रातः 8 बजे उपस्थित हो गये उनकी टीम में 6 रोवर्स निर्णायक एल0 टी0 स्काउट, बागपत श्री रामकृष्ण शर्मा, डी0 ओ0 सी0 स्काउट, गाजियाबाद श्री श्याम सिंह, डी0 ओ0 सी0 स्काउट, गौतमबुद्व नगर श्री शिव कुमार, डी0 ओ0 सी0 स्काउट, हापुड, श्री प्रकाश शर्मा, डी0 ओ0 सी0 स्काउट, श्री अनिल भारद्वाज, श्री महेश नेहरा, गाजियाबाद तथा 4 रेंजर्स निर्णायक एल0 टी0 गाइड, मेरठ श्रीमति रिहाना सुल्तान, डी0 ओ0 सी0 गाइड, गाजियाबाद श्रीमति रिंकू तोमर, डी0 ओ0 सी0 गाइड, मेरठ, श्रीमति पूनम एवं डी0 टी0 सी0 गाइड, गाजियाबाद श्रीमति मधुबाला थे।

प्रातः 11.30 बजे तक समागम स्थल पर कुल 11 टीमें प्रतिभाग के लिये उपस्थित थी जिसमें मुलतानीमल मोदी कॉलेज, मोदीनगर की रोवर एवं रेंजर्स की दो टीमें, दिगम्बर जैन कॉलेज, बडौत की रोवर एवं रेंजर्स की दो टीमें, डी0 ए0 वी0 कॉलेज, मुजफ्फरनगर से रोवर एवं रेंजर्स की दो टीमें, डी0 ए0 वी0 कॉलेज, बुलन्दशहर से रोवर एवं रेंजर्स की दो टीमें, सर छोटूराम स्नातोकत्तर महाविद्यालय, मुजफ्फरनगर से 1 टीम रोवर्स की, गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स कॉलेज, मोदीनगर से एक टीम रेंजर्स की तथा किसान पी0 पी0 कॉलेज, सिम्भावली से एक टीम रोवर्स की थी।

28वें अर्न्तमहाविद्यालय समागम रैली के प्रथम दिन का शुभारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 आर0 सी0 लाल तथा विश्वविद्यालय रोवर/रेंजर्स समन्वयक श्री वीरेन्द्र सिंह द्वारा किया गया जिसमें स्काउट ध्वजारोहण के साथ स्काउट प्रार्थना भी की गयी। सह–आयुक्त श्री मयंक शर्मा ने उपस्थित सभी टीमों को समागम रैली से संबधित सामान्य दिशा निर्देश दिये। महाविद्यालय रोवर/रेंजर्स समागम समन्वयक डॉ0 मयंक मोहन ने बाहर से प्रतिभाग करने आये अन्य कॉलेजों के लीडर एवं स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त किया। दोपहर 1 से 2 बजे तक भोजन की व्यवस्था थी। सह–आयुक्त श्री मयंक शर्मा तथा महाविद्यालय समागम समन्वयक डॉ0 मयंक मोहन ने दोपहर 2 बजे प्रतिभाग करने आयी सभी टीमों के लीडर्स की एक बैठक आहुत की जिसमें उन्हें आगे तीन दिनों तक होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा से अवगत कराया तथा उनके सुझाव भी आंमत्रित किये गये। उसके पश्चात् वर्दी गणवेश एवं मार्च पास्ट तथा ऑब्जर्वेशन सैड स्टोरी का कार्यक्रम हुआ जिसमें निर्णायक मण्डल ने अपनी अहम भूमिका निभाई। अंधेरा होते ही स्काउट ध्वज को उतारा गया। रात्रि 8 बजे भोजन के पश्चात् कैम्प फॉयर प्रारम्भ हुआ जिसमें अग्नि प्रवजल्लित की गई तथा विभिन्न टीमों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया तथा रात्रि 10 बजे

PRINCIPAL
MULTANIMAL MODI COLLEGE
MODINAGAR

व्यवस्थायों का श्रेय महाविद्यालय के सम्पूर्ण स्टाफ को दिया। भोजन के पश्चात् कैम्प फॉयर हुआ जिसमें समागम रैली में प्रतिभाग करने वाले स्वयंसेवकों के अतिरिक्त महाविद्यालय के सम्पूर्ण परिवार ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया तथा वहां उपस्थित सभी लोग एक अलौकिक वातावरण के गवाह बने। प्रतिभागियों के विभिन्न दलों ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुती दी। रात्रि 10 बजे सभी स्वयंसेवक अपने विश्राम स्थल की ओर चले गये। रात्रि लगभग 10.15 बजे प्राचार्य, डॉ0 पी0 के0 गर्ग, डॉ0 वन्दना शर्मा, डॉ0 दीपक अग्रवाल, समागम समन्वयक डॉ0 मयंक मोहन, सह–आयुक्त श्री मयंक शर्मा, डॉ0 मौ0 अंसारी, डॉ0 दीपक शर्मा इत्यादि ने पूरे कैम्पस का दौरा किया तथा वहां की सुरक्षा व्यवस्था के विषय में पूर्ण पूर्ण जानकारी ली तथा आश्वस्त हुए इसके पश्चात् वहां उपस्थित अतिथियों से इस बात की जानकारी ली कि उन्हें वहां कोई परेशानी तो नहीं हुई तथा उनके सहयोग के लिये उन्हें धन्यवाद भी दिया। सभी अतिथियों ने महाविद्यालय परिवार के व्यवहार एवं व्यवस्थाओं की भरपूर प्रंशसा की। रात्रि लगभग 10.30 तक महाविद्यालय समागम समन्वयक डॉ0 मयंक मोहन तथा श्री मयंक शर्मा ने सभी टीम लीडरों एवं निर्णायक मंडल के सदस्यों के साथ दिन–भर के कार्यों की समीक्षा की तथा अगले दिन समागम रैली के समापन की रूपरेखा तैयार की।

## तृतीय दिन 12.02.2020

28वें अर्न्तमहाविद्यालय समागम रैली का तृतीय दिन प्रातः 10 बजे प्राचार्य की उपस्थिति में प्रार्थना के साथ ध्वजारोहण के साथ प्रारम्भ हुआ। सह–आयुक्त श्री मयंक शर्मा ने सभी टोलियों के लिये निश्चित स्थान को चिन्हित किया जिससे कि वे अपने तम्बू निर्माण, पुल निर्माण के साथ हस्त कौशल का प्रदर्शन उस निश्चित दायरे में ही कर सके। निर्णायक मण्डल अपने–अपने कार्यों में लग गये तथा उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि कहीं भी किसी टीम के साथ कुछ गलत न हो, पारदर्शिता इस समागम शिविर का मुख्य उद्देश्य एवं विशेषता रही है। दोपहर 1 बजे तक महाविद्यालय प्रांगण ने विभिन्न संस्कृतियों से मिलेजुले, रंगबिरगें एक लघु गांव का रूप ले लिया था। जहां प्रत्येक कोने में उल्लास दिखाई पड रहा था। दोपहर 1 बजे सभी ने भोजन किया तत्पश्चात् प्रतीक्षा करने लगे अपने मुख्य अतिथी की जो कि हमारे विश्वविद्यालय के कुलपति महोद्य प्रो0 एन0के0 तनेजा थे। दोपहर 2 बजे कुलपति महोद्य का आगमन हुआ, महाविद्यालय गेट पर ही

PRINCIPAL
MULTANIMAL MODI COLLEGE
MODINAGAR

रोवर्स प्रभारी – डॉ0 रोहताश
रेन्जर्स प्रभारी – डॉ0 दीपशिखा
मुलतानीमल मोदी कॉलिज, मोदीनगर।

**एक दिवसीय शिविरों की आख्या**

सत्र 2019–20 में दिनांक 24.10.2019 को एक दिवसीय रोवर्स–रेन्जर्स शिविर का आयोजन महाविद्यालय प्रॉंगण में किया गया। शिविर में रोवर्स–रेन्जर्स को श्री महेश कुमार नेहरा, काउन्सलर भारत स्काउट एवं गाइड, गाजियाबाद द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। शिविर में डॉ0 दीपशिखा, प्रभारी रेन्जर्स तथा डॉ0 रोहताश, प्रभारी रोवर्स उपस्थित रहे और स्काउट गाइड आन्दोलन की जानकारी रोवर्स–रेन्जर्स को प्रदान की।

तत्पश्चात् दिनांक 16.11.2019 को एक दिवसीय रोवर्स–रेन्जर्स शिविर आहूत किया गया, जिसमें प्रशिक्षक, श्री महेश कुमार नेहरा ने रोवर्स रेन्जर्स की काउन्सलिंग करते हुए उनको प्रशिक्षित किया। रेन्जर्स प्रभारी, डॉ0 दीपशिखा ने रोवर्स–रेन्जर्स नियमो की जानकारी शिविर में प्रदान की।

इसी क्रम में दिनांक 19.12.2019 को एक दिवसीय रोवर्स–रेन्जर्स प्रशिक्षण शिविर महाविद्यालय प्रॉंगण में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण शिविर में काउन्सलर व प्रशिक्षक भारत स्काउट–गाइड गा0बाद द्वारा रोवर्स रेन्जर्स को प्रशिक्षित किया गया तथा प्रभारी रोवर्स डॉ0 रोहताश व प्रभारी रेन्जर्स, डॉ0 दीपशिखा ने रोवर्स–रेन्जर्स के सिद्धान्तो और प्रतिष्ठाओं से रोवर्स रेन्जर्स को अवगत कराया।

इसके बाद दिनांक 06.01.2020 को एक दिवसीय रोवर्स–रेन्जर्स प्रशिक्षण शिविर का आयोजन महाविद्यालय में किया गया। शिविर में रोवर्स–रेन्जर्स प्रभारी, डॉ0 रोहताश तथा प्रभारी, डॉ0 दीपशिखा ने रोवर्स रेन्जर्स वेशभूषा व दिनचर्या से रोवर्स–रेन्जर्स को परिचित कराया।

तत्पश्चात् दिनांक 07.01.2020 को एक दिवसीय रोवर्स–रेन्जर्स प्रशिक्षण शिविर का आयोजन महाविद्यालय में किया गया। शिविर में प्रशिक्षक, श्री महेश कुमार नेहरा, रोवर्स प्रभारी डा0 रोहताश तथा प्रभारी, डॉ0 दीपशिखा ने रोवर्स रेन्जर्स को प्रशिक्षण दिया।

इसी क्रम में दिनांक 09.01.2020 को महाविद्यालय प्रॉंगण में एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन महाविद्यालय में किया गया। शिविर में स्काउट–गाइड प्रशिक्षक श्री महेश कुमार नेहरा द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। रोवर्स प्रभारी डॉ0 रोहताश व रेन्जर्स प्रभारी डॉ0 दीपशिखा ने रोवर्स–रेन्जर्स को स्काउट–गाइड चिन्ह्, सैल्यूट, प्रार्थना आदि की जानकारी प्रदान की।

डॉ0 रोहताश
रोवर्स प्रभारी

PRINCIPAL
MULTANIMAL MODI COLLEGE
MODINAGAR

डॉ० दीपशिखा
रेन्जर्स प्रभारी

रोवर्स प्रभारी – डॉ० रोहताश
रेन्जर्स प्रभारी – डॉ० दीपशिखा

मुलतानीमल मोदी कॉलिज, मोदीनगर।
रोवर्स–रेन्जर्स 2019–20
तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर की आख्या

सत्र 2019–20 में महाविद्यालय में दिनांक 23, 24 एवं 25 जनवरी 2020 में रोवर्स/रेन्जर्स के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का प्रारम्भ प्रातः 10 बजे ध्वजारोहण, प्रार्थना व झण्डा गीत के साथ हुआ। प्रशिक्षण शिविर में प्रथम दिन रोवर्स–रेन्जर्स को स्काउट गाइड आंदोलन के उद्भव व इतिहास की जानकारी प्रदान गयी। स्काउट गाइड प्रशिक्षक श्री महेश कुमार नेहरा ने प्रशिक्षार्थियों को ध्वज शिष्टाचार, झण्डा गीत, प्रार्थना बी०पी० सिक्स आदि का ज्ञान कराया। इसके अतिरिक्त रोवर्स–रेन्जर्स को प्राथमिक चिकित्सा, फायर–फाइटिंग, क्रू काउन्सिल, किम्स गेम आदि के विषय में जानकारी प्रदान की गयी। इस अवसर पर महाविद्यालय के रोवर्स लीडर डॉ० रोहताश एवं रेन्जर्स लीडर डॉ० दीपशिखा जी ने उपस्थित रहकर रोवर्स/रेन्जर्स को प्रोत्साहित किया।

प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन दिनांक 24.01.2020 को प्रशिक्षक श्री महेश कुमार नेहरा जी नें रोवर्स/रेन्जर्स को कई तरह की गाँठे बांधनी सिखायी जिनका प्रयोग रोवर्स–रेन्जर्स के द्वारा आपदा प्रबन्धन के समय किया जाता है, इसके साथ ही पुल निर्माण, तम्बू निमार्ण, गैजेट निर्माण के साथ–साथ यह भी बताया गया कि किस प्रकार से सीमित साधनों के अधिकतम प्रयोग से अधिक से अधिक सेवा कार्य किया जा सकता है। प्रशिक्षण शिविर में रोवर्स–रेन्जर्स प्रभारी डॉ० रोहताश व डॉ० दीपशिखा ने प्रशिक्षार्थियों को अनुशासन व संयमपूर्ण जीवन व्यतीत करने हेतु प्रेरित किया।

प्रशिक्षण शिविर के तीसरे व अन्तिम दिन दिनांक 25.01.2020 सर्वप्रथम शिविर में रोवर्स–रेन्जर्स ने "मतदाता जागरूकता दिवस" के अवसर पर नुक्कड नाटक, भाषण, निबन्ध एवं रैली के माध्यम से वोट बनवाने हेतु जागरूकता अभियान आयोजित किया गया, इसके साथ ही रोवर्स प्रभारी डॉ० रोहताश ने लोकतन्त्र में मतदाता की भूमिका व निर्वाचन प्रणाली के सम्बन्ध में अवगत कराया इसके साथ ही रोवर्स/रेन्जर्स ने प्रशिक्षण के दौरान जो कुछ सीखा उसका प्रदर्शन तम्बू निर्माण, पुल निर्माण करके किया। रोवर्स–रेन्जर्स के द्वारा किये गये कार्यो का

PRINCIPAL
MULTANIMAL MODI COLLEGE
MODINAGAR

निरीक्षण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 आर0सी0लाल, डॉ0 हरीश कुमार व अन्य प्राध्यापको द्वारा किया गया। अन्त में महाविद्यालय के प्राचार्य जी ने रोवर्स–रेन्जर्स को सम्बोधित किया तथा रेन्जर्स प्रभारी डॉ0 दीपशिखा ने सभी अतिथियों व प्रशिक्षक श्री महेश कुमार नेहरा जी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

डा0 रोहताश तोमर
रोवर्स प्रभारी

डॉ० दीपशिखा
रेन्जर्स प्रभारी

PRINCIPAL
MULTANIMAL MODI COLLEGE
MODINAGAR